हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 26 नवंबर 2025



04 लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है मीडिया, भ्रांतियों को दूर कर...



07 आक्रोशित आदिवासियों ने हाईवे जाम कर पुलिस के...






## खबर संक्षेप

### जनसुनवाई में हुई 156 आवेदनों पर कार्रवाई

**सागर।** कलेक्टर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में आज 149 आम लोगों की समस्याओं को सुना गया और अधिकारियों को तत्परता से आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में अपर कलेक्टर अविनाश रावत संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा एसडीएम एवं सिटी मजिस्ट्रेट अमन मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। राज्य शासन के निर्देश पर आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए प्रत्येक सप्ताह मंगलवार को जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इसी कड़ी में आज कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई हुई।

### युवा संगम का आयोजन 28 नवम्बर को

**सागर।** युवाओं को रोजगार एंव स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग तथा सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संयुक्त रूप से युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 28 नवम्बर को प्रातः 11 बजे से सहोद्रा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर सागर में किया जा रहा है। सूक्ष्म,लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओ की जानकारी तथा ऋण उपलब्ध कराया जायेगा। आवेदकों कों साक्षात्कार के लिये रोजगार कार्यालय का पंजीयन,संमग्र आई डी, दो पासपोर्ट साइज के फोटो, शैक्षणिक योग्यता संबंधी (अंकसूची) प्रमाण पत्र अपने साथ आवश्यक रूप से लाये। कंपनियों के प्रतिनिधियों द्वारा उपस्थित आवेदकों का साक्षात्कार के माध्यम से विभिन्न पदों के लिये चयन किया जावेगा।

### बीएमसी में तीन दिवसीय वी.सी.एम.ई. कार्यशाला सम्पन्न

**सागर।** बुंदेलखण्ड चिकित्सा महाविद्यालय में डीन डॉ पीएस ठाकुर की अध्यक्षता व मागदर्शन में तीन दिवसीय वी. सी. एम. ई. कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला को डॉ पूजा सिंह ने कोऑर्डिनेट किया। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला मेडिकल शिक्षकों की पदोन्नति के लिए एन. एम. सी द्वारा अनिवार्य की गई है। डीन डॉक्टर पीएस ठाकुर ने कहा कि उक्त प्रशिक्षण भारत के मेडिकल स्नातकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्रदान करने में अत्यंत आवश्यक व कारगर कदम है। यह प्रशिक्षण मेडिकल शिक्षकों को कम्पिटेनसी बेस्ड मेडिकल एजुकेशन के अनुरूप पढ़ाने में सक्षम बनाएगी। डॉ सौरभ जैन ने बताया कि अभी तक आयोजित की गई तीन कार्यशालाओं के माध्यम से कुल 90 फैकल्टी शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।तीन दिनों में आयोजित हुई कार्यशाला के माध्यम से 30 फेकल्टी शिक्षकों का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ।

## विश्वविद्यालयः गौर जयंती का मुख्य समारोह 26 को, तीन बत्ती से निकलेगी शोभा यात्रा

# विश्व के सर्वश्रेष्ठ दो प्रतिशत सर्वश्रेष्ठ वैज्ञानिकों की सूची में शामिल शिक्षकों का होगा सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर के संस्थापक महान शिक्षाविद् एवं प्रख्यात विधिवेत्ता, संविधान सभा के सदस्य एवं दानवीर डॉ. सर हरीसिंह गौर के 156वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में 19 नवंबर से 26 नवंबर तक 'गौर उत्सव' का आयोजन किया जा रहा है । 26 नवम्बर को प्रातः 8.30 बजे शहर के तीनबत्ती पर कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर द्वारा गौर मूर्ति पर माल्यार्पण एवं उद्बोधन कार्यक्रम होगा । उद्बोधन के पश्चात प्रातः 8.40 बजे से परम्परानुसार गौर शोभा यात्रा प्रारम्भ होगी । बैंड बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा (गौर अध्ययन केन्द्र एवं गौर जन्म स्थली होकर) तीन मढ़िया, बस स्टैंड, गोपालगंज व स्वीडिश मिशन होते हुए मुख्य मार्ग से विश्वविद्यालय परिसर स्थित गौर मूर्ति से गौर समाधि प्रांगण तक पहुंचेगी । शोभा यात्रा के विश्वविद्यालय परिसर में आगमन के पश्चात गौर मूर्ति पर माल्यार्पण एवं गौर समाधि पर पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के न्यायमूर्ति सतीश चन्द्र शर्मा होंगे। गौर अतिथि के रूप में सागर लोकसभा की सांसद डॉ. लता वानखेड़े, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, पूर्व कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह ठाकुर, पूर्व कैबिनेट मंत्री पं. गोपाल भार्गव, सागर शहर के विधायक शैलेन्द्र जैन, नरयावली विधायक प्रदीप लारिया एवं राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय नई दिल्ली के कुलपति प्रो. जी.एस. वाजपेयी उपस्थित रहेंगे।



### विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में गौर उत्सव का मुख्य समारोह

विश्वविद्यालय के गौर प्रांगण में मुख्य समारोह 10.30 बजे से आयोजित होगा । अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन तथा डॉ. गौर के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ मुख्य समारोह प्रारम्भ होगा । संगीत विभाग के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी जाएगी । कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं पूर्व आईपीएस कन्हैया लाल बेरवाल करेंगे एवं सारस्वत उद्‌बोधन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वाय. एस. ठाकुर का होगा ।

गौर जयन्ती के दिन विश्व के सर्वश्रेष्ठ दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में शामिल विश्वविद्यालय के शिक्षकों का सम्मान किया जाएगा । इस वर्ष से गौर पीठ के तहत प्राप्त दान राशि से सिंगल गर्ल चाइल्ड और दिव्यांग श्रेणी में स्नातक प्रथम वर्ष के एक-एक मेधावी विद्यार्थियों को अध्ययन जारी रखने हेतु आर्थिक सहायता के रूप में पचीस हजार रूपये एक मुश्त राशि प्रदान की जायेगी ।

### मेधावी छात्रों को पुरस्कृत किया जाएगा

मंचासीन अतिथियों द्वारा विश्वविद्यालय के शिक्षकों द्वारा लिखित पुस्तकों का विमोचन किया जायेगा । विभिन्न कक्षाओं के मेधावी छात्र-छात्राओं को भी मंचासीन अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा ।

सिंगल गर्ल चाइल्ड और दिव्यांग श्रेणी के एक-एक मेधावी विद्यार्थी को मिलेगी 25000 की राशि सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थी देंगे प्रस्तुति, इंडियन आइडल के कलाकार भी सुर सजायेंगे। गौर समाधि प्रांगण में सायं 6:00 बजे से सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जायेंगी । इस आयोजन में इन्डियन आइडल के प्रसिद्द कलाकार शरद शर्मा और सुश्री वैशाली रैकवार भी अपनी संगीतमयी प्रस्तुति देंगे ।



## जिला शहर कांग्रेस ने की डॉ गौर डॉ अंबेडकर प्रतिमाओं की साफ-सफाई

**सागर।** डॉक्टर सर हरि सिंह गौर व डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमाओं की साफ सफाई जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेश जाटव की अगुवाई में की गई व दोनों महा मूर्तियों पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। 26 नवंबर को डॉक्टर सर हरि सिंह गौर जी की जन्म जयंती का आयोजन पूरे शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है व इसी दिन संविधान दिवस के रूप में अंबेडकर जी को भी पुष्पांजलि की जाती है यह दोनों आयोजन देश प्रदेश व शहर में बड़े धूमधाम से मनाए जाते हैं। इन पर्वों को लेकर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने तीन बत्ती स्थित गौर मूर्ति व भगवानगंज स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमाओं पर पहुंचकर साफ सफाई की।महेश जाटव ने कहा हम सबको इकट्ठा होकर डॉक्टर गौर को भारत रत्न दिलाने के लिए समय रहते संघर्ष करना पड़ेगा व हम डॉक्टर गौर को भारत रत्न मिल पाए यह हमारे शहर के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। डॉक्टर गौर साहब ने अपने जीवन की सारी संपत्ति दान कर इस शहर व प्रदेश को विश्वविद्यालय हमको प्रदान किया। डॉ गोर को भारत रत्न मिल जाने पर हम सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर पाएंगे। संविधान हमारे देश का मूल ढांचा है और संविधान दिवस को हम एक पवित्र त्यौहार के रूप में हमेशा मानते है व आगे मनाएंगे। जिस तरह देश पर आलोकतांत्रिक तरीके से लोग कब्जा कर संविधान को छिन्न-भिन्न करने की कोशिश कर रहे है हम उनकी कोशिशों को कामयाब नहीं होने देंगे।

# भारतीय स्त्री शक्ति संगठन द्वारा संविधान दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय स्त्री शक्ति संगठन जिला सागर मध्यप्रदेश द्वारा स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सभागार में "नागरिक कर्तव्य और हमारी जागरूकता" विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम इस अवसर पर अध्यक्षीय उद्बोधन एवं औचित्य भारतीय स्त्रीशक्ति सागर की अध्यक्ष डॉ प्रतिभा तिवारी द्वारा दिया गया उन्होंने कहा कि ''कर्तव्य और जागरूकता से ही राष्ट्र महान बनता है। ''जागरूक नागरिक ही जागरूक समाज बनाता है। देश की सबसे बड़ी जनसंख्या युवा शक्ति है। यदि युवा कर्तव्यनिष्ठ और जागरूक हों, तो भारत विष्व का सबसे मजबूत लोकतंत्र बन सकता है। मुख्य वक्ता सागर की अधिवक्ता वर्षा ठाकुर ने कहा कि ने विशेष अतिथि के रूप में नागरिक कर्तव्य, महिला विषयक कानून और समानता पर सरल शब्दों में उद्बोधन देकर बच्चों का मार्गदर्शन किया। अतिथि परिचय प्राध्यापक डॉ सुनीता जैन और अतिथि स्वागत प्राध्यापक ज्योति गौतम ने किया। प्राध्यापक डॉ सुषमा द्विवेदी ने बालविवाह-विरोध, महिला संविधान की जानकारी दी। निशान्त दुबे ने महिला अधिनियम की जानकारी दी। शारिक खान ने संविधान के द्वारा मौलिक अधिकार और कर्तव्य को बताया। कार्यक्रम का मंच संचालन संस्था की प्राध्यापक अंतिमा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर पगारा एवं एनसीसी की लगभग 250 छात्र-छात्राएँ के साथ-साथ सुमन तिवारी, जागृति पटैरिया, विद्योत्मा महोविया, नेहा जैन की उपस्थित रहीं। संस्था की प्राध्यापक शैलबाला बैरागी के द्वारा आभार प्रदर्शन और सामूहिक जन गण मन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




## विश्वाविद्यालयः न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा का इतिहास विभाग में संवाद कार्यक्रम आज

**सागर।** 156वीं गौर जयंती के पावन अवसर पर डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के मुख्य समारोह में सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि होंगे। मुख्य समारोह कार्यक्रम के पश्चात न्यायमूर्ति इतिहास विभाग का भ्रमण कर छात्र-छात्राओं से संवाद करेंगे एवं विगत दिनों इतिहास विभाग एवं प्रकाश नारायण फाउंडेशन के तत्वाधान में संपन्न हुई इतिहास संदर्भित विषयों पर आधारित एग्जीबिशन के प्रतिभागियों से प्रोत्साहन संवाद करेंगे। न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा के सागर विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग में आगमन का एक भावनात्मक संबंध भी है जैसा कि विभागाध्यक्ष प्रो. अशोक अहिरवार ने बताया कि न्यायमूर्ति शर्मा के पिता प्रो. बैजनाथ शर्मा देश के ख्याति प्राप्त इतिहासकार एवं बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे, प्रो. शर्मा 1978 से 1990 तक एक लंबे कार्यकाल में इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष रहे हैं। उनके पढ़ाये हुए विद्यार्थी आज देश-विदेश में सागर विश्वविद्यालय एवं इतिहास विभाग का नाम रोशन कर रहे हैं एवं अकादमिक, प्रशासनिक, राजनैतिक, वैदेशिक सेवा, सामाजिक-सांस्कृतिक क्षेत्रों में अपनी गरिमामय एवं प्रभावी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं।

## विश्व धरोहर सप्ताह 2025: जिला पुरातत्व संग्रहालय में हमारी विरासत पर आधारित हेरीटेज वॉक के आयोजन

**सागर।** संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय भोपाल के निर्देशानुसार विश्व धरोहर सप्ताह 2025 के अवसर पर आज जिला पुरातत्व संग्रहालय पुरानी लेडी डफरिन हॉस्पिटल सागर में हमारी विरासत पर आधारित हेरीटेज वॉक के आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जैन पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल रजनीश जैन द्वारा माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर एवं छात्र-छात्राओं को हरी झंडी दिखाकर हेरीटेज वॉक प्रारंभ की गई जिसमें जैन पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने सम्मीलित होकर जिला पुरातत्व संग्रहालय सागर से हेरीटेज वॉक आरम्भ की यह हेरीटेज वॉक नगर के मुख्य मार्गों से प्रभण करते हुये वापस जिला पुरातत्व संग्रहालय में समाप्त हुई हेरीटेज वॉक के बाद सभी बच्चों को संग्रहालय भ्रमण कराया गया एवं पुरातत्व का महत्व बताया गया।


हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. वीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्याश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- विरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि


## निगमायुक्त ने राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक ली

# बकायाकर जमा न करने वाले व्यवसायिक प्रतिष्ठानों व मैरिज गार्डन पर तालाबंदी एवं व्यवसायिक नक्शा स्वीकृत न होने पर कार्रवाई करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की बकाया दारों की स्थिति की समीक्षा की। बैठक के दौरान निगमायुक्त ने कहा कि शहर में अनेक व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा संपत्तिकर, जलकर, दुकानों का किराया, कचरा प्रबंधन शुल्क सहित अन्य करों का भुगतान लंबे समय से लंबित है। इस पर उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसे सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की सूची तैयार की जाए तथा कर अदायगी न करने वालों पर तालाबंदी की कार्रवाई बिना विलंब प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि जिन मैरिज गार्डन द्वारा बकाया करों की राशि जमा नहीं की है उनके विरुद्ध भी तालाबंदी करने की कार्रवाई प्रारंभ की जाए ।



उन्होंने कहा कि नगर निगम की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाए रखने के लिए राजस्व वसूली अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसलिए इसमें किसी भी प्रकार की ढिलाई एवं लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

निगमायुक्त ने यह भी निर्देशित किया कि शहर में अनेक स्थानों पर बिना स्वीकृत व्यवसायिक नक्शे के भवनों में दुकानें एवं अन्य व्यवसायिक गतिविधियाँ संचालित हो रही हैं। उन्होंने सभी वार्ड इंजीनियरों को ऐसे सभी भवनों की जांच करने, नियमानुसार नोटिस जारी करने तथा आवश्यक होने पर दंडात्मक कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने कहा कि व्यवसायिक नक्शा स्वीकृत कराना प्रत्येक व्यवसायी की कानूनी जिम्मेदारी है और बिना स्वीकृति के व्यवसाय संचालित करना नियमों का उल्लंघन है।

उन्होंने राजस्व वसूली की साप्ताहिक समीक्षा अनिवार्य रूप से करने, सभी वार्डों में बकाया करों की अद्यतन सूची तैयार रखने तथा वसूली कार्य को गति देने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि करों की समय पर अदायगी से ही शहर में विकास कार्यों को सुचारू रूप से संचालित किया जा सकता है, इसलिए राजस्व अमला सक्रियता के साथ कार्य करे और नागरिकों को समय-सीमा में कर जमा कराने के लिए जागरूक भी करे। निगमायुक्त ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्रवाई में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध भी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में राजस्व अधिकारी बृजेश तिवारी, सभी वार्डों के इंजीनियर एवं राजस्व शाखा के अधिकारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### गो माता का पूजन कर लोगों से की चर्चा

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद ललितपुर द्वारा संचालित कान्हा गोवंश आश्रय स्थल दैलवारा का निरीक्षण नगर पालिका परिषद अध्यक्ष सोनाली अभिलाषा ने किया कान्हा गोशाला में 949 गोवंश स्वस्थ्य दशा में उपस्थित पाए गए। सफाई व्यवस्था सुदृढ़ पाई गई। 12 गोपालक उपस्थित पाए गए जिनके द्वारा गोवंशों की भली भांति देखभाल की जा रही है। अध्यक्ष सोनाली द्वारा गो माता का विधिवत पूजन अर्चन कर संपूर्ण विश्व की मंगल की कामना की गई। गोशाला के संचालन और व्यवस्थाओं के प्रति संतोष प्रकट किया गया तथा गोपालको द्वारा किए जा रहे कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की गई सोनाली जैन ने पूरी गोशाला का निरक्षण किया और गौमाताओं के स्वस्थ की जानकारी ली और गोशाला में किया कुछ अच्छा हो सकता हैं उसपर चर्चा करते हुए और बेहतर कान्हा गौशाला को बनाने के लिए स्थानीय लोगों के विचार सुने। अध्यक्ष नगर पालिका ने कहा कि जिलाधिकारी से बात करेगी। सभी नगर वासियों से गौ सेवा हेतु आवाहन किया गया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष सोनाली जैन के अलावा, अभिषेक चौबे, विकेक जैन जिमि , भीष्म प्रताप सिंह बुंदेला दैलबारा , राजवीर सिंह, नवीन जैन, राजीव हुड्डत, हार्दिक कटारे, एवम समस्त गोशाला स्टाफ दैलबारा ललितपुर

### ताला लगे घर से बाइक बर्तन व सोयाबीन चोरी

**ललितपुर।** मोहल्ला हरदीला में रहने वाली विमला राजपूत पत्नी स्व.मोरपाल राजपूत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि वर्तमान में वह रेलवे स्टेशन रोड नेहरू नगर के पास अपने मकान में निवासरत है। आरोप है कि 20 नवम्बर की रात उसके हरदीला वाले मकान जिसमें ताला लगा हुआ था, उसी रात अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके घर में घुसकर मोटर साइकिल बजाज सी.डी. 100 नं. यू.पी.94 एस 5549, पीतल के वर्तन, सोयाबीन के 8 बोरा, एलईडी टीवी चोरी कर ले गये। इसके अलावा पड़ौसी जैन मंदिर के पास रहने वाले सौरभ कत्याल पुत्र अनुराग कत्याल के घर के बाहर खड़ी उनकी मोटर साइकिल पेशन प्रो संख्या यू.पी.80 बी.जेड. 6240 को भी उठा ले गये। काफी तलाश करने पर भी बाइकें नहीं मिलीं। पुलिस ने महिलाएफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### महिला किसान की जमीन पर कब्जा, मारपीट

**ललितपुर।** कस्बा बिरधा निवासी डोंगराबाई पत्नी स्व.श्यामलाल ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में उन्होंने जमीन को दबंग व्यक्तियों से कब्जा मुक्त कराये जाने की गुहार लगायी है। बताया कि वह किसान महिला है, उसकी जमीन पर सह खातेदार हैं। बताया कि जमीन के साझेदार पर उसके हिस्से की जमीन पर भी कब्जा करते हुये खड़े हुये तमाम प्रजातियों के पेड़ों को काट लिया है। जब उसे रोका तो उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी दी। महिला ने डीएम-एसपी से मामले में कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### खेत जा रहे किसान को वाहन ने मारी टक्कर

**ललितपुर।** थाना पाली अंतर्गत ग्राम निवऊवा निवासी देशरानी बरार पत्नी पूरन बरार ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 13 सितम्बर 2025 को सुबह करीब 11.30 बजे उसका पति पूरन बरार अपने घर से खेत पर पैदल फसल बुवाई करवाने के लिए जा रहा था। मां गायत्री स्कूल के पास ग्राम बछलापुर रोड तक उसका पति पहुंचा ही था कि तभी वाहन नं. यू.पी.93 ई.टी. 1284 के चालक ने तेजी व लापरवाही से गाड़ी चलाते हुये उसके पति को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके पति को गांव के अजय कुशवाहा व बालचंद्र के अलावा अन्य लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाली पहुंचाया, जहां उसकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल भेजा गया। बताया कि इस दुर्घटना में उसके पति का दाहिना हाथ पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

### एसआईआर के तहत जल्द भरें गणना फार्म, अंतिम तिथि 4 दिसंबर

# लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है मीडिया, भ्रांतियों को दूर कर पहुंचाए सही जानकारी: डीएम

### शत-प्रतिशत ईएफ डिजिटाईजेशन करने वाले दो बीएलओ को डीएम ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत समयावधि से पूर्व ईएफ डिजिटाईजेशन का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले 2 बीएलओ को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने सोमवार को कलैक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह एवं फलों की टोकरी भेंट कर सम्मानित कर अन्य कार्मिकों को भी इसी उत्साह के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता कर अपील की कि प्रचार-प्रसार के विभिन्न माध्यमों से जन-जन तक एसआईआर के बारे में सही जानकारी पहुंचायें और भ्रान्तियों को दूर करने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। बताया गया कि जनपद में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत ईएफ डिजिटाईजेशन का कार्य चल रहा है, जिसमें 227 महरौनी विधानसभा क्षेत्र के भाग संख्या-90 सीबी इण्टर कॉलेज निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ सत्यनारायण



लक्षकार एवं भाग संख्या-462 कलौथरा निर्वाचन क्षेत्र के बीएलओ देशराज कुर्मी ने ईएफ डिजीटाईजेशन का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया है, जिस पर जिलाधिकारी ने आज दोनो बीएलओ को सम्मानित किया।

#### कार्यक्रम के अंतर्गत 23 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका

जिलाधिकारी ने मीडिया प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए बताया कि जनपद में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग 23 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है, मीडिया के माध्यम से जनता को यह संदेश पहुंचाना है कि एसआईआर के प्रथम चरण की अंतिम तिथि 4 दिसम्बर है, बीएलओ के द्वारा सभी के घरों में गणना फार्म पहुंचाये जा रहे हैं, सभी लोग जल्द से जल्द अपना अपना फार्म भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, यदि फार्म भरने में कोई कठिनाई आ रही है तो इसके लिए पंचायत स्तर के कर्मचारी जैसे पंचायत सचिव, रोजगार सेवक, लेखपाल, बीएलओ आदि की सहायता ले सकते हैं, ये कर्मचारी आपका फार्म स्वयं भरकर आपसे वैरिफाई कराने के उपरान्त हस्ताक्षर करायेंगें और जमा कर लेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की भ्रांति पर विश्वास न करें, किसी भी वैद्य मतदाता का नाम नहीं कटेगा। डीएम ने एसआईआर के सम्बंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि बीएलओ द्वारा उपलब्ध कराया गया गणना फार्म ऑफलाइन के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन भी भरा जा सकता है।

#### नामावली में अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं

निर्वाचक बेवसाइट पर विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली मे अपना और संबंधित रिश्तेदारों का नाम देख सकते हैं और गणना प्रपत्र से विवरण उपलब्ध करा सकते हैं। सहायता के लिए, निर्वाचक संबंधित बूथ लेवल अधिकारी से संपर्क कर सकते हैं। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी उन निर्वाचकों को नोटिस जारी करेगा जिनका गणना-प्रपत्र में दिया गया विगत विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण निर्वाचक नामावली का विवरण या तो उपलब्ध नहीं है या डेटाबेस से मेल नहीं खाता है। डीएम ने मीडिया बंधुओं से अपील की कि मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ है, एसआईआर को लेकर जनता में यदि कोई भ्रान्तियां फैली हों तो उन्हें दूर करें, सही जानकारी उन तक पहुंचाए। अपर जिलाधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकुर श्रीवास्तव, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## गीतों के बीच निकली बारात बने दूल्हा छवि देखो भगवान की, दुल्हन बनी सिया जानकी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

वैदिक विद्वत परिषद के तत्वावधान में 28वीं श्री राम बरात एवं श्री सीता विवाह पंचमी के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री नृसिंह मंदिर से नगर रामायण यात्रा के साथ हुई, जहाँ गणेश पूजन एवं मंगलाचार सम्पन्न कराया गया। इसके बाद स्वच्छ एवं सुसज्जित रथ पर श्री राम रूप में सजे भगवान की दूल्हा छवि के दर्शन कर भक्तों ने



जय-जयकार के साथ यात्रा को नगर भ्रमण के लिए रवाना किया। यात्रा में अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। बारात विभिन्न मार्गों से होते हुए गूंजते जयघोषों एवं राम नाम संकीर्तन के बीच आगे बढ़ी।

कई स्थानों पर भक्तों ने पुष्पवर्षा कर राम बारात का स्वागत किया। नगर में भक्ति एवं उल्लास का वातावरण छाया रहा। शाम को श्री तुलसी विवाह एवं सीता-राम परिणय कार्यक्रम का मंचन किया गया। वैदिक रीति से हुए इस विवाह के दौरान श्री राम, सीता, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न एवं राजा जनक सहित सभी पात्रों ने भावपूर्ण प्रस्तुति दी। मंगलगीत एवं वैदिक मंत्रोच्चार से श्री तुवन मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। तत्पश्चात भजन संध्या में भक्तों ने ह्यजय-जय रामह्न का संकीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के उपरांत समिति की ओर से सभी श्रद्धालुओं को प्रेमपूर्वक प्रसाद वितरण किया गया। पूजन कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आचार्यों ने विधिविधान से हवन, अभिषेक और पूजा सम्पन्न कराई। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं ने बताया कि इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज को एकता, शांति एवं संस्कारों से जोड़ते हैं। समिति के अध्यक्ष पं. आचार्य पवन तांत्रिक ने बताया कि 25 नवम्बर को विवाह पंचमी के पावन अवसर पर तुवन मंदिर पर वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न होंगे। इस अवसर पर महंत गंगादास महाराज, डॉ. ओमप्रकाश शास्त्री, आचार्य पवन तांत्रिक, पं. जगदीश पाठक, सुभाष जायसवाल, ऊषा जायसवाल, अशोक पटौरिया, राजीव बबेले सप्पू ने गणेश पूजन, दूल्हा सरकार की वैदिक विधियां सम्पन्न कीं। तुवन मंदिर पर सरदार बीके सिंह, धर्मेन्द रावत, पं. कृष्णदेव लिटौरिया ने द्वार चार कलश पूजन आदि विधि विधानपूर्वक कार्य सम्पन्न किए। इस अवसर पर पं. बाबूलाल द्विवेदी, पं. सीताराम गोस्वामी, पं. जनार्दन मिश्र, बृजनाराण मुखरैया, उमाशंकर बिदुआ, डॉ. एस.पी. पाठक, महंत भावना गोस्वामी, भगवत नारायण बाजपेयी, रामसहाय तिवारी, दिनेश गोस्वामी, नीरज गंगेले, गोपाल दुबे, घनश्याम बबेले, कृष्ण बिहारी मिश्रा, सानू पाठक, मुन्ना मिश्रा, शिव सहाय पाठक, रघुनाथ दास गोस्वामी, पातालेश्वर गिरि, शशि पाठक, अनीता गोस्वामी, देवेंद्र चतुर्वेदी, सुबोध गोस्वामी, बृजेश चतुर्वेदी, चन्द्रशेखर राठौर, हरविन्द सलूजा, राजेश दुबे, अमित तिवारी, मुन्नालाल तिवारी, कमलेश गोस्वामी, अटल दुबे, रामकृष्ण चौबे, रामस्वरूप तिवारी, कृष्णकांत तिवारी मौजूद रहे। वहीं पात्र के रूप में राम हर्षिता पाठक, विजय किलेदार, अजय तिवारी, हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, शशिकांत दीक्षित, डा.अनूप श्रीवास्तव, प्रदीप खैरा, डा. दीपक चौबे, डा. रोहित सुडेले, पुरूषोत्तम संज्ञा, दिनेश चर्तुवेदी, रविन्द्र पाठक, बाबूलाल कुशवाहा, रामशंकर तिवारी, मनोज झा, अशोक तिवारी, दीपक गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

## बाल कल्याण पुलिस की बैठक संपन्न
## कानून अनुपालन की समस्याओं पर चर्चा



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एएसपी/नोडल अधिकारी कालू सिंह पर्यवेक्षण में व थाना एएचटी व एसजेपीयू तथा समस्त थानों के बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के साथ मासिक गोष्ठी माह नवम्बर 2025 की समीक्षा बैठक एवं प्रशिक्षण कार्यशाला पुलिस लाइन सभागार में आहुत की गयी। बैठक महिला व बाल सुरक्षा संगठन उ.प्र. लखनऊ द्वारा जारी एसओपी, अनुसंधान एवं थानों पर नियुक्त बाल कल्याण पुलिस अधिकारी के समक्ष आ रही समस्या एवं बाल गुमशुदा, बाल श्रम, बाल विवाह, बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम, लैंगिक समानता, साइबर क्राइम, एस.सी./एस.टी. एक्ट, नारी शक्ति किशोर न्याय अधिनियम 2015 में हुए नवीनतम संशोधन पॉस्को एक्ट के अभियोग पंजीकृत होने के 24 घंटे के अंदर सीडब्ल्यूसी को सूचित करना, पॉस्को के मामले में फार्म ए व बी व एसबीआर रिपोर्ट पुलिस द्वारा भरकर संबंधित को समय से भेजा जाना बाल कल्याण अधिकारी के कर्तव्य का पालन, जे.जे एक्ट के अंतर्गत सामाजिक पृष्ठभूमि आदि तथा पोक्सो एक्ट से संबंधित अभियुक्तों की माननीय उच्च न्यायालय से प्राप्त बेल नोटिस को बाल कल्याण समिति एवं वादी/पीड़िता को अंदर समय उपलब्ध कराना के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही साथ जनपद मे गुमशुदा बच्चों के पंजीकृत व लंबित मामलो व पास्को एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों पर चर्चा व जेजे एक्ट से सम्बंधित आदेश निर्देश एवं जागरुकता के अभियान चलाने हेतु निर्देशित किया।

### बीएलओ का सहयोग करेंगे
## कांग्रेस ने सौंपी सभी बीएलए की सूची



**ललितपुर ।** जिला कांग्रेस ने जिला अध्यक्ष दयाराम रजक,पूर्व प्रदेश सचिव जसपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष पंकज हुँडेत, जिला महा सचिव शशि कांत दीक्षित, ने जिला निर्वाचन अधिकारी को विधान सभा ललितपुर 543 के सभी बीएलए की सूची व विधानसभा महरौनी के 520 के सभी बी एल ए 2 की सूची क्रम वध तरीके से सभी जिला के 1063 बी एल ए 2 की सूची जिला निर्वाचन अधिकरी को कांग्रेस के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियो के साथ निर्वाचन कर्यालय में जमा की। जिला अध्यक्ष दयाराम रजक ने नये बने बी एल ए 2 को शुभ कामनाये दीं और कहा की निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुरूप पार्टी के सभी बी एल ए 2 निर्वाचन आयोग के बी एल ओ के साथ मिल कर हर वार्ड व प्रत्येक गांव तथा प्रत्येक बूथ बार जाकर प्रत्येक बोट को सूची मै दर्ज कराये तथा जहाँ पर भी किसी नागरिक को फार्म भरने मै कोई कठिनाई हो उस को दूर करके उन का सहयोग करे यह सुनहरा अफसर है कि कांग्रेस पार्टी के ु'2 घर-घर जाकर प्रत्येक मतदाता से मिलकर उनकी समस्याएं जाने और उन्हें प्राथमिकता के तौर पर एस आई आर का फार्म भरवाने में मदद करें एक बी एल ए 2 प्रतिदिन 50 फॉर्म जमा कर सकता है

### बानपुर में सदस्यता अभियान
## सनातन संस्कृति द्वारा ही सुरक्षित रहेगी सभ्यताः हरिप्रिया भार्गव



**ललितपुर।** सनातन संस्कृति द्वारा ही भारतीय सभ्यता सुरक्षित रहेगी। बच्चों को संस्कारों से जोडने के लिए उन्हें धार्मिक एवं महापुरुषों के जीवन चरित्र का बोध करना होगा। सनातन संस्कृतिक संघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रिया भार्गव ने कस्वा बानपुर के बजरंगढ हनुमान मंदिर प्रांगण में सनातन संकल्प अभियान का शुभारम्भ करते हुए कहा आज आवश्यकता है एकजुट होकर अपनी संस्कृति के संरक्षण की। बसुधैव कुटुम्बकम और प्रत्येक जीव के संरक्षण की भावना पर बल देते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा आज मोक्षलक्षी धर्मों को एकसूत्र में बाँधकर जाति, वर्ण और भेदभाव से ऊपर उठकर समाज का निर्माण की जरूरत है। सनातन सांस्कृतिक संघ द्वारा सनातन एवं शाश्वत परंपराओं को बिखरने नहीं देंगे।पश्चिमी संस्कृति के प्रभाव से अपनी मूल संस्कृति को बचाएंगे। हर घर में सनातन की लौ प्रज्वलित करेंगे और व्यवस्थित सशक्त समाज का निर्माण करेंगे।

उन्होंने कहा जागरूकता के अभाव में विभिन्न माध्यमों से हमारे धर्म और संस्कृति को गलत ढंग से बताया जाता है। उन्होने मातृशक्ति से आव्हान किया कि जागरूक हो और अपने बच्चों और परिवार को संस्कारों से जोडे। इसके लिए सनातन संस्कृतिक संघ के माध्यम से आगामी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए अधिक से अधिक संख्या में लोगों से जुड़ने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की महामंत्री वीणा जैन ने करते हुए कहा सनातन संस्कृति को मजबूत करने के लिए संगठन के माध्यम से जो प्रयास है वह निश्चय ही समाज में परिवर्तन का शंखनाद करेगा। कार्यक्रम का शुभारम्भ राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिप्रिया भार्गव ने अंजनीपुत्र हनुमान जी महाराज के चित्र के सम्मुख दीपप्रज्वलित कर किया। सनातन संस्कृतिक संघ के अभियान में बहमकुमारी रुवी दीदी, नीता खरे, डॉ नीलम सर्राफ, चेष्टा श्रीवास्तव, डालीराजा, आरती सिंह, उर्मिलादेवी के अतिरिक्त वरिष्ठ पत्रकार पवन संज्ञा, डा बीआर विश्वकर्मा, अक्षय अलया, डा जितेन्द्र जैन, सुदामा दुबे पत्रकार बांसी, हरचरन राजपूत, भरत कुशवाहा, हरीसिंह ने सम्बोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत सदस्य आशीष रावत द्वारा किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष भार्गव ने हवन कुण्ड के समक्ष पंच तत्वों की साक्षी में वैदिक मंत्रोचार पूजन के साथ पांच संकल्प कराके सनातन संस्कृति की रक्षा का उपस्थित मातृशक्ति एवं उपस्थित जनसमुदाय को संकल्प कराया। आयोजन की व्यवस्थाए राष्ट्रीय संयोजक मनोज जैन, डा सुशील विश्वकर्मा, संदीप दुवे, बीरसिह बुन्देला, वीरेन्द्र जैन सोनू, अमित पाठक, प्रिंस राठौर द्वारा संयोजित की गई। कार्यक्रम के दौरान श्री बजरंग गढ़ हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजन समिति द्वारा परसाद वितरण भंडारा किया गया।

## बाइकों की भिड़ंत में, युवक की मौत

**ललितपुर।** रविवार शाम दो बाइकों की आमने-सामने की भिड़ंत में एक किसान की मौत हो गई। हादसे में मृतक का साला और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। मृतक की पहचान थाना सौजना अंतर्गत ग्राम मैंनवार निवासी 35 वर्षीय गुलाब यादव पुत्र धरमु के रूप में हुई है। वह अपने साले 26 वर्षीय लखन पुत्र धरमु निवासी ग्राम सिरोंन, थाना मड़ावरा के साथ रविवार शाम सौजना से अपने गांव जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि तीनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार शुरू किया गया। गुलाब की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। हालांकि, रास्ते में उसकी स्थिति और बिगड़ गई, जिसके बाद परिजन रविवार रात 2.42 बजे उसे वापस जिला अस्पताल के इमरजेंसी विभाग लाए। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद गुलाब को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों ने बताया कि मृतक गुलाब यादव पांच भाइयों और चार बहनों में चौथे नंबर पर था। उसके एक पुत्र और एक पुत्री है। वह खेती-किसानी का काम करता था। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सदर अनुराग अवस्थी ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है।

## ठंड से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की

**ललितपुर।** जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने बताया है कि शीतलहर, ठंड से बचाव हेतु जिला प्रशासन द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है, जिन्हे अपनाने से जनपद वासियों को शीतलहर, ठंड से बचाव हेतु सुविधा होगी। जैसे स्थानीय रेडियो, दैनिक समाचार पत्र, टीवी एवं मोबाइल फोन के माध्यम से मौसम की जानकारी लेते रहें।

कोयले की अंगीठी/मिट्टी तेल का चूल्हा/हीटर/ब्लोवर इत्यादि का प्रयोग करते समय सावधानी बरते तथा कमरे में हवा का आवागमन/वेंटिलेशन/वायु संचार बनाये रखे ताकि कमरे में विषाक्त/जहरीली धुआँ इकठा न हों। शरीर को सुखा रखें, गीले कपडे तुरन्त बदल लें, ये आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकते है। घर में अलाव का सामान न हो तो अत्याधित ठंड के दिनों में सामुदायिक केन्द्रों, आश्रय स्थलों पर जाये, जहाँ प्रशासन द्वारा अलाव का प्रबंध किया गया हो। कई स्तरों वाले गर्म कपड़े जैसे ऊनी कपडे, स्वेटर, टोपी, मफलर इत्यादि का प्रयोग आपको शीत लहर/ठंड के प्रभाव से बचा सकते है। ऊनी कपड़ों के कमी की दशा में दो तीन कपड़े एक के ऊपर एक पहनकर शीत लहर/ठंड के प्रभाव को कम किया जा सकता है। उन्होने यह भी बताया कि अत्याधिक ठंड/कोहरा पड़ने पर छोटे बच्चों और बुजुर्गों को जितना हो सके उतना घर के अन्दर रखें। शरीर में ऊष्मा के प्रभाव को बनाये रखने के लिए पोषक आहार एवं गर्म पेय पदार्थों का सेवन करें। धूप निकलने की दशा में इसका सेवन ठंड/शीत लहर से बचाव करेगा।

हाइपोथर्मिया के लक्षणों जैसे शरीर का आसामान्य तापमान, भ्रम या स्मृति हानि, बेहोशी, विचलन, अत्याधिक ठिठुरन, सुस्ती, थकान, तुतलाहट इत्यादि की स्थिति उत्पन्न होने पर अपनी नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें। शीतदंश के लक्षणों जैसे शरीर के अंगो का सुन्न पड़ना, हाथों-पैरों की ऊंगलियों, कान, नाक आदि सफेद या पीले रंग के दाग उभर आने पर अपने नजदीकी अस्पताल से सम्पर्क करें। अपने आस-पास के अकेले रहने वाले किसी भी पड़ोसियों की जानकारी रखे, खासकर बुजुर्गों की एवं किसी भी आपात स्थिति में नजदीकी पुलिस स्टेशन से सम्पर्क करें। ठंड/शीत लहर की दशा में पालतु पशुओं/पक्षियों के बाड़े को ऊष्मा रोधी बनाने हेतु खिड़की दरवाजो को ढककर रखें परन्तु वेंटिलेशन हेतु पर्याप्त खुला स्थान भी छोड़े। सिगडी, अलाव, अंगीठी सोते समय बुझाकर सोये इससे आग जनी से बचा जा सकता है। सिगड़ी, अलाव, अंगीठी बन्द स्थानों पर जलाने से बचें।

### विरासत संरक्षण जागरूकता संगोष्ठी व रंगोली प्रतियोगिता हुई

# किसी राष्ट्र की धरोहर ही उसका गौरव होती है: जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केपीएसपीजी कॉलेज ककरूआ ललितपुर में विश्व विरासत सप्ताह (19 नवम्बर से 25 नवम्बर तक) के छठवें दिन क्षेत्रीय पुरातत्य ईकाई, झाँसी, इन्टैक ललितपुर चैप्टर एवं बुन्देलखण्ड हैरिटेज सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में विरासत संरक्षण संगोष्ठी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सोनाली जैन (नपा अध्यक्ष), संतोष शर्मा इंटक धर्मेंद्र शर्मा क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी राजीव द्विवेदी क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी एसके दुबे पुरातत्व अधिकारी ललितपुर विद्यालय डॉयरेक्टर डॉ लतिका सुडेले, प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश, ज्योति शर्मा, आईक्यूएसी प्रभारी प्रभांशु नगाइच, ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित करके किया। नपा अध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि किसी राष्ट्र की धरोहर ही उसका गौरव होती है। इसको देखन व जानने के लिये विदेशों से पर्यटक आते हैं।



इससे देश को राजस्व की प्राप्ति एवं युवाओं को रोजगार प्राप्त होता है। हमारा बुन्देलखण्ड एवं ललितपुर जनपद विरासतों एवं पर्यटन से समृद्ध है। इन विरासत स्थलों का संरक्षण करना हम सभी का दायित्व है। डॉ एसके दुबे ने कहा कि हमारी इन्हीं पुरानी धरोहरों को देखने के लिये विदेशी पर्यटक अपनी आय का एक बडा भाग खर्च करते हैं। ये धरोहर हमारे पूर्वजों के सैकड़ों वर्ष पूर्व विकसित होने का प्रमाण है। इन्टैक ललितपुर चैप्टर के संयोजक संतोष शर्मा ने कहा कि विश्व विरासत सप्ताह प्रतिवर्ष इसलिये मनाया जाता है ताकि हम अपनी विरासतों के प्रति जागरूक होकर उन्हें संरक्षित और विकसित करने का प्रयास करें। इन्टैक इस दिशा में पूरी सजगता से अपने दायित्व का निर्वाह कर रहा है। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि ललितपुर में विरासत पर्यटन के विकास की पर्याप्त सम्भावना है। हम सभी के प्रयास से ललितपुर एक दिन पर्यटन का हब बनेगा। क्षेत्रीय पुरातत्व अधिकारी डॉ राजीव त्रिवेदी ने कहा कि भावी पीढ़ी को आगे आने हेतु प्रेरित किया गया है, तथा स्मारकों का भ्रमण करते समय सभी से स्वच्छ रखने तथा प्रदूषित न करने की अपील की गयी। डॉ० लतिका सुडेले ने अपने सम्बोधन में कहा कि भारत की सांस्कृतिक विरासत का महत्व, पहचान, प्रेरणा पर्यटन और आर्थिक विकास में निहित है। इससे भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक प्रमुख सांस्कृतिक गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मदद करती है। प्राचार्य डॉ० राजेन्द्र प्रकाश ने कहा कि पूरे भारत में यूनेस्को द्वारा 44 मान्य हैरिटेज है। विरासत हमारा देश 5वें नम्बर पर है। अगर हम अपनी जागरूकता को बढ़ायें तो हम चौथे नम्बर पर आ सकते हैं। रंगोली प्रतियोगिता में संजना पंथ प्रथम, कशिश जैन व हेमंत कुशवाहा द्वितीय तथा जयकुमार कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें प्रमाणपत्र व पुरूस्कार प्रदान किये गये। अंत में सभी आंगन्तुकों का प्राचार्य द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम संचालन प्रवक्ता दीपक जैन ने किया एवं प्राचार्य डॉ राजेन्द्र प्रकाश ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने रमेश श्रीवास, अभिषेक परिहार, महेन्द्र कुमार, रामचरण कुशवाहा, गजेन्द्र राठौर, अरविन्द कुमार, असि प्रो दिनेश श्रीवास्तव, दीपक जैन, भानूप्रताप सिंह, डॉ धनीराम राजपूत रानी देवी, छाया तिवारी, अनीता साहू, नेहा श्रीवास्तव, ज्योति रानी पुरोहित आदि मौजूद रहे।

## नहर में बहे युवक को ढूंढने में हो रही देरी पर भड़का परिजनों का आक्रोश

# आक्रोशित आदिवासियों ने हाईवे जाम कर पुलिस के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देहात पुलिस मुर्दाबाद, जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर तब गुंजाएमान हुए, जब जैदा गांव के आदिवासियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर कलेक्ट्रेट के सामने श्योपुर शिवपुरी हाईवे पर जाम लगाते हुए नारेबाजी कर दी। चंबल नहर में गिरने के बाद लापता हुए युवक के परिजनों ने यह जाम पुलिस द्वारा युवक को ढूंढने में हो रही देरी के कारण आक्रोशित होकर लगाया है। इस जाम के कारण आधा घंटे तक लगे हाइवे जाम रहा जहां बड़ी संख्या में फंसे वाहनों की लंबी कतारें दोनों और लग गई।

मंगलवार की दोपहर 12 बजे के करीब ट्रैक्टर ट्रॉलियों में भरकर कलेक्ट्रेट पहुंची आदिवासी महिलाओं ने कलेक्ट्रेट के मुख्य गेट के बाहर श्योपुर शिवपुरी हाईवे पर धरना देकर जाम लगा दिया। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम लगा रहे आंदोलनकारी को समझाने का भरसक प्रयास किया लेकिन उन्होंने कलेक्टर द्वारा आश्वासन देने की शर्त रख दी। इसकी जानकारी जब जनसुनवाई कर रहे कलेक्टर अर्पित वर्मा को लगी तो उन्होंने एसडीएम बीएस श्रीवास्तव को मौके पर भेजा जिन्होंने आश्वासन देखकर जाम खुलवाया।

इस दौरान आदिवासियों ने उन्हें ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में बताया गया है कि 22 नवंबर 2025 को रात्रि 9 बजे ट्रैक्टर सहित चम्बल दाहिनी नहर में आसीदा कंवरसली के बीच में गिरे युवक बादल आदिवासी को अभी तक तलाशा नहीं गया है। प्रशासन की ओर से युवक को तलाशने के लिए जो कार्यवाही की जा रही है वह कार्रवाई काफी धीमी है ऐसे मे नहर के बहाव को देखते हुए उसके बह जाने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। बादल की खोजबीन के लिये नहर के बहाव को कम करने एंव प्रशासन से ओर अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराई जाए। इसके साथही युवक को तलाशने के लिए चंबल नहर में नावों की संख्या बढाई जाए।ज्ञापन में आदिवासियों ने इस मामले में देहात थाना पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप भी लगाया है।



### तीन दिन में बाद भी नहीं चला पता

यह घटना शनिवार की रात की है जब आसीदा के पास एक ट्रैक्टर में दो युवक सवार होकर जा रहे थे लेकिन आसीदा गांव की पुलिया के पास ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर चंबल नहर में गिर गया। इसके साथही ट्रैक्टर में सवार दोनों युवक भी चंबल नहर में गिर गए इसके बाद धनराज आदिवासी तो तैरकर नहर के बाहर निकल आया लेकिन बादल आदिवासी का पता नहीं चला रविवार को पुलिस ने मौके पर पहुंच कर ट्रैक्टर को तो क्रेन की मदद से बाहर निकलवा लिया लेकिन पानी में बहे बादल आदिवासी का अभी तक पता नहीं चला है। हालांकि पुलिस प्रशासन की ओर से इस मामले में युवक को तलाश करने के बात कही जा रही है और एसडीआरएफ की टीम तलाशी में जुटी है लेकिन तीन दिन बीतने के बाद भी नहर का पानी बंद नहीं करवाने और जाल इत्यादि बिछाकर गायब युवक को तलाश में देरी में लापरवाही जरूर सामने आ रही है। लोगों का कहना है कि अगर नहर में बहा युवक किसी संभ्रांत परिवार से होता तो नहर को कभी का बंद करवा दिया जाता।



### इनका कहना...

आरोप तो कुछ भी लगाए जा सकते है, लेकिन चंबल नहर में गिरे युवक को तलाशने के लिए पूरी गंभीरता के साथ कार्रवाई की जा रही है। युवक को तलाशने के काम में हमारे थाने की पुलिस टीम के साथ एसडीआरएफ की टीम भी लगी हुई है। एक नाव की जगह अब दो नावों के जरिए नहर में युवक की तलाश करवाई जा रही है।

**शशि तोमर**
**थाना प्रभारी, देहात श्योपुर**

## श्योपुर गोरस के बीच नेशनल हाईवे 552 पर हुआ हादसा

# हाईवे पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकराई बाइक, युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




श्योपुर से वापस अपने गांव लौट रहे युवक की बाइक हाइवे पर खडी ट्रैक्टर ट्रॉली से टकरा गई। इससे बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सोमवार की रात साढे आठ घटित हुआ यह हादसा देहात थाना क्षेत्र स्थित नेशनल हाइवे 552 पर श्योपुर गोरस के बीच का है। पुलिस ने पीएम के बाद युवक के शव को परिजन के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

देहात थाना प्रभारी शशि तोमर ने बताया कि कराहल थाना क्षेत्र के ग्राम खिरखिरी निवासी संजय 23 वर्ष पुत्र सियाराम आदिवासी सोमवार की रात को श्योपुर से वापस अपने गांव खिरखिरी जा रहा था। तभी नेशनल हाइवे 552 पर श्योपुर गोरस के बीच स्थित ककरदा चौराहे पर हाइवे किनारे एक ट्रैक्टर ट्रॉली खडी थी। जो रात के अंधेरे में बाइक की रफ्तार तेज होने की वजह से संजय आदिवासी को नजर नहीं आई। जिसकारण संजय की बाइक पीछे से ट्रैक्टर ट्रॉली में घुस गई।

इससे संजय आदिवासी गंभीर रूप से घायल हो गया। संजय के पीछे दूसरी बाइक से उसके पिता सियाराम आदिवासी और भतीजे आ रहे थे। जिन्होने संजय के एक्सीडेंट का पता चलने पर तत्काल एंबुलेंस को फोन किया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,मगर जिला अस्पताल में लाने पर संजय को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

# पराली जलाने खेत में लगाई आग ने पड़ोसी के खेत में खड़ी गन्ने की फसल कर दी स्वाहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

देहात थाना क्षेत्र के ग्राम रायपुरा के हार में एक किसान ने अपने खेत में पराली जलाने के लिए आग लगा दी। यह आग इतनी भडक गई कि उसने पडौसी के खेत में खडी गन्ने की फसल भी जलाकर स्वाहा कर दी। यह मामला पिछले सप्ताह का है। लेकिन प्रभावित किसान ने इस मामले की शिकायत अब देहात थाने में दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने पराली जलाने वाले किसान पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

देहात थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम रायपुरा निवासी राजेन्द्र माहौर ने पिछले सप्ताह अपने खेत में धान की पराली जलाने के लिए आग लगा दी। यह आग इतनी भडक गई कि उसने पडौसी खेत मालिक रघुवीर माहौर के 6 वीस्वा में खडी गन्ने की फसल जलकर स्वाहा हो गई। रघुवीर माहौर पुत्र गोपाल माहौर ने इस मामले की शिकायत अब जाकर देहात थाने में दर्ज कराई,जिसके बाद पुलिस ने राजेन्द्र माहौर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### इधर दबंग युवक ने ईंट मारकर फोड़ा महिला का सिर

श्योपुर। शहर श्योपुर के वार्ड क्रमांक 11 वैष्णव धर्मशाला क्षेत्र में एक दबंग युवक ने गाली गलौच करने का विरोध करने पर महिला का ईट मारकर सिर फोड दिया। महिला को घायल अवस्था में इलाज के लिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि वार्ड क्रमांक 11 वैष्णव धर्मशाला के पास निवासी ज्योति पत्नी 32 वर्ष पवन आर्य ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी 8 साल की बेटी ने पडौसी नेमीचंद गौड के छत की बाउंड्री पर पैर रख दिया था,इसी बात से आक्रोशित होकर नेमीचंद ने मेरी बेटी को धमकाते हुए गाली गलौच शुरू कर दी। जब मेरी सास ने गाली गलौच करने से मना किया तो नेमीचंद गौड ने जातीय अपमान करते हुए ईट मारकर मेरी सास का सिर फोड दिया। घायल अवस्था सास को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया। इस मामले में पुलिस ने ज्योति आर्य की रिपोर्ट पर नेमीचंद गौड के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# पुलिस परेड ग्राउंड पर ही होगी सीएम की जनसभा, कलेक्टर ने मौके पर दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बारिश से बर्बाद हुई फसलों का मुआवजा किसानों को वितरण करने के लिए 27 नवंबर को श्योपुर पहुंच रहे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बड़ौदा तहसील मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित जनसभा के दौरान मुआवजा वितरण करेंगे। ज्ञात हो कि प्रशासन ने बड़ौदा में तीन स्थानों का चयन जनसभा के लिए किया था जिनमें से अब पुलिस परेड ग्राउंड को जनसभा के लिए फाइनल कर दिया गया है। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण और अन्य नेताओं ने भी अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच कर विचार विमर्श किया।

मंगलवार को कलेक्टर अर्पित वर्मा ने बड़ौदा पहुंचकर जनसभा के लिए स्थल निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने बताया कि पुलिस परेड ग्राउंड पर ही जनसभा की जाएगी मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर चंद्र सागर तालाब मेला मैदान पर उतारा जाएगा जनसभा में शामिल होने वाले किसानों के वाहनों को मंडी परिसर में खड़ा करने के लिए पार्किंग व्यवस्था की जाएगी इस दौरान उन्हें भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने भी कार्यक्रम के बारे में सुझाव दिए इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश नारायण गुप्ता सहित अन्य भाजपा नेता और संबंधित अधिकारी भी मौजूद रहे। इससे पहले भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष शशांक भूषण ने भाजपा नेताओं की बैठक लेते हुए मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पर चर्चा की।



# सीसीए सीनियर ने जूनियर पर दर्ज की 79 रनों से जीत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चैंपियंस क्रिकेट एकेडमी के बैनर तले पीजी कॉलेज ग्राउंड पर अंतर विद्यालयीन रेड बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में सोमवार को सीसीए सीनियर ने जूनियर पर शानदार 79 रनों से जीत दर्ज की।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी सीसीए सीनियर ने गोपाल शर्मा की मैराथन 78 रनों की पारी व हर्ष मांझी के ताबड़तोड़ 35 रन की बदौलत निर्धारित 20 ओवरों में 196 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। सीसीए जूनियर की तरफ से अनंत शर्मा ने सबसे अधिक लिए 3 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीसीए जूनियर के बल्लेबाजों ने पहाड़ जैसे 196 रनों के लक्ष्य को पाने के लिए शुरू से ही तेजी के साथ बल्लेबाजी की लेकिन इस दौरान थोड़े थोड़े अंतराल पर विकेट गिरते रहने से रनों की गति भी धीमी हो गई और पूरी टीम 117 रनों पर ढेर हो गई। सीनियर्स की ओर से रूद्र जाट ने 4 और वंश उपाध्याय ने 2 विकेट लिए। मेन ऑफ़ द मैच गोपाल शर्मा रहे।

## एक शाम संविधान के नाम विषय पर काव्य गोष्ठी आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर संवेधानिक चेतना मंच तथा गाँधीविचार मंच व महात्मा गांधी सेवा आश्रम के द्वारा आश्रम सभागार में सायं 6 बजे से एक शाम संविधान के नाम विषय पर एक कवि गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है।महात्मा गांधी सेवा आश्रम एवम संवेधानिक चेतना मंच जिला श्योपुर मध्यप्रदेश से जुड़े जयसिंह जादौन और कैलाश पाराशर ने आमंत्रित कवियों से समय पर पहुंचने की अपील की है।

## इंसिडेंट रिस्पॉन्स टीम का आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण एवं मॉकड्रिल आयोजित

# पंप पर लगी आग, कलेक्टर ने स्प्रे प्रेशर से बुझाई, मात्र 18 सेकंड में पाया आपदा पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

पेट्रोल पंप पर अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई लेकिन तभी कलेक्टर अर्पित वर्मा ने पास रखें अग्निशमन यंत्र के स्प्रे से प्रेशर देकर उसे तत्काल बुझाकर अनहोनी को टाल दिया। यह नजारा मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर मे जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण श्योपुर के तत्वाधान में आपदा प्रबंधन के तहत इंसिडेंट रिस्पॉन्स टीम के द्वारा मॉकड्रिल का हिस्सा था जिसमें सांकेतिक रूप से बनाए गए पेट्रोल पंप पर आग लगाकर बुझाने का मॉकड्रिल किया गया था।

गैल इंडिया कैलारस जिला मुरैना के डीजीएम फायर एण्ड सेफ्टी प्रशांत राठौर द्वारा रासायनिक एवं औद्योगिक दुर्घटना से बचाव तथा अग्नि एवं विस्फोट दुर्घटना से बचाव की तकनीक के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन के तहत इंसिडेंट रिस्पॉन्स टीम के रूप में नियुक्त पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत, अपर कलेक्टर, डीएफओ, एडिशनल एसपी, जिला कमाडेंट होमगार्ड, स्टेजिंग एरिया मैनेजर एसडीईआरएफ सभी एसडीएम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिले में इस प्रकार का प्रशिक्षण पहली बार आयोजित किया गया है। जिसमें पहले कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशिक्षण आयोजित हुआ उसके बाद मॉकड्रिल आयोजित किया गया।



## विधवा ने कलेक्टर को सुनाई अपनी पीड़ा, जनसुनवाई में 120 फरियाद

# साहब! पति की मौत के बाद बच्चे मेरे ऊपर बोझ बन गए हैं, कैसे गुजारा करूं?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

साहब! मेरे पति की मौत खेत में काम करते समय करंट लगने से हो गई। इसके बाद मुझे न तो पति की मौत पर मिलने वाला मुआवजा मिला सका और न हीं मुझे अंत्येष्टि राशि दी गई। मेरे तीन बच्चे हैं जिनका पालन पोषण मुझ जैसी विधवा के लिए करना मुश्किल हो गया है। मेरे बच्चे पति की मौत के बाद मेरे ऊपर बोझ बन गए हैं। यह बात जनसुनवाई में कराहल विकासखंड की ग्राम पंचायत स्यावडी के कैलोर गांव से आई महिला रूकमणी आदिवासी ने कलेक्टर अर्पित वर्मा को अपनी पीड़ा सुनते हुए कही। इस दौरान कलेक्टर ने जनसुनवाई 120 लोगों की फरियाद सुनी और दो लोगो को बीमारी सहायता के लिए तत्काल रेडक्रास से सहायता प्रदान की गई वही एक निराश्रित वृद्ध महिला को कल्याणी पेंशन शुरू करने के निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई में पहुंची ग्राम कैलोर निवासी रूकमणि आदिवासी ने कलेक्टर को बताया कि उसके पति दिनेश पुत्र अर्जुन आदिवासी उम्र 35 वर्ष की विगत 20 जुलाई 2025 को खेत पर काम करते समय विद्युत बिजली के करंट के कारण मृत्यु हो गयी है मैं मृतक की विधवा पत्नी हूं मेरे तीन बच्चे है रूपेन्द्र आदिवासी उम्र 8 वर्ष, नवीन आदिवासी उम्र 06 वर्ष, कु. सृष्टि आदिवासी उम्र 3 वर्ष है मेरे परिवार में सास, ससुर भी नही है और मेरे माता पिता भी नही है मैं बिल्कुल अकेली हूं और आय का कोई साधन भी नहीं है। विद्युत से मेरे पति की आकस्मिक मृत्यु की राशि भी नही मिली है व अंतिम संस्कार की राशि भी नहीं मिली है व आदिवासी महिलाओं को मिलने वाली राशि 1500 रुपए भी नही मिलते हैं। कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सहायक आयुक्त आदिमजाति कल्याण को उक्त महिला को तत्काल पोषण आहार राशि योजना का लाभ देने के निर्देश दिए।




### राम और रहमान को दी रेडक्रॉस से आर्थिक सहायता

जनसुनवाई में पहुंचे जियाउरहमान ने कलेक्टर को बताया कि वह गंभीर रूप से बीमार हैं और इलाज के लिए उनके पास दवाई खरीदने को पैसे नहीं हैं। जनसुनवाई में स्वास्थ्य विभाग के मौजूद अधिकारियों ने बताया कि जियाउरहमान का इलाज आयुष्मान कार्ड से हो रहा है उनका आयुष्मान कार्ड बना दिया गया है लेकिन कुछ दवाइयां बाजार से भी खरीदनी पड़ती है इसके लिए कलेक्टर ने उन्हें तत्काल रेडक्रास सोसाइटी से 2000 रुपए चेक प्रदान किया। वहीं जनसुनवाई में पहुंचे रामनिवास बंजारा को भी बीमारी सहायता के लिए 10000 रुपए का चेक रेडक्रास सोसाइटी से दिया। उनके पास भी आयुष्मान कार्ड की सुविधा है लेकिन दवाइयां खरीदने और आवागमन के लिए पैसों की जरूरत थी।

### नाराज़ हुए कलेक्टर, तत्काल कल्याणी पेंशन शुरू

जनसुनवाई में ढेंगदा गांव की वृद्ध आदिवासी महिला भी पहुंची जिसने कलेक्टर को बताया कि वह अकेली रहती है उसका सहारा कोई नहीं है पेट भरने के लिए उसे दूसरों पर आश्रित रहना पड़ता है पूछने पर उसने बताया कि उसे कल्याणी पेंशन जैसी सुविधा भी नहीं मिलती है। इस पर मौजूद अधिकारियों पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब मुख्यमंत्री समाधान योजना के तहत हमने गांव-गांव द्वार द्वार घूम कर ऐसे हितग्राहियों को लाभान्वित करने का काम किया है तो फिर यह लोग जनसुनवाई में कैसे आ रहे हैं। उन्होंने तत्काल उक्त महिला की कल्याणी पेंशन शुरू करवाई और जनपद सीईओ को निर्देशित किया कि अगले माह उसके खाते में कल्याणी पेंशन के रूप में 600 रुपए डल जाने चाहिए। राशि नहीं डाले जाने पर संबंधितों पर दंडात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी कलेक्टर ने दी। साथ ही उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने निरीक्षण के दौरान इस तरह दिव्यांगजनों, वृद्ध जनों बेसहारों को चिन्हित कर उन्हें पेंशन योजना जैसे सुविधा का लाभ दिलाए इस मामले में नियम के साथ साथ मानवीय दृष्टिकोण भी अपनाया जाए।

## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर कराहल में निकला यूनिटी मार्च

# देश को एकता के सूत्र में बांधने वाले थे सरदार बल्लभ भाई पटेल:भूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कराहल कस्बे में सरदार बल्लभ भाई पटेल की जनशताब्दी के अवसर पर भाजपा कराहल मंडल के बैनर तले यूनिटी मार्च यात्रा निकाली गई। जिसके माध्यम से समाज में एक भारत- आत्मनिर्भर भारत का संदेश दिया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण के नेतृत्व में निकाली गई इस यात्रा में बड़ी संख्या में कस्बावासी शामिल हुए।

सरदार पटेल की 150 वी जयंती के अवसर पर आयोजित यूनिटी मार्च एक भारत आत्मनिर्भर भारत को लेकर मंगलवार को पनवाड़ा तिराहे से पैदल यात्रा निकाली गई। जिसमे स्कूली बच्चों के साथ साथ युवा और स्थानीय लोग भी शामिल हुए। यात्रा के समापन पर भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने मौजूद नागरिकों को संबोधित करते हुए सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन के बारे में बिस्तार से बताया।उन्होने कहा कि सरदार पटेल ने देश को एक सूत्र में पिरोकर अखंड भारत की नींव रखी थी।




# मोबाइल कॉल न उठाने पर भड़के युवाओं ने कर दी किशोर की मारपीट, एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मोबाइल पर किए कॉल को न उठान से नाराज हुए नामजद आरोपियों ने एक किशोर की बेल्टो से मारपीट कर दी। यह मामला शहर के पाली रोड क्षेत्र का है।

पुलिस ने किशोर की रिपोर्ट तीन लोगों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है। कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि श्योपुर शहर के वार्ड क्रमांक 10 मोहनजी की बगीची निवासी यश पुत्र महावीर शर्मा ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि मंगलवार को जब वह बैंक आफ इंडिया के बगल में मौजूद दुकान पर फोटोकॉपी का काम रहा था, तभी उसके मोबाइल पर मनीष रजक का बार बार कॉल आ रहा था, उस समय मेरे मोबाइल के फोन पे के जरिए मेरा दुकान मालिक भरत सोलंकी पैसे डाल रहा था, इसलिए मैंने उसका मोबाइल कॉल अटेंड न करते हुए काट दिया।

इसी बात से मनीष रजक आक्रोशित हो गया और अपने साथी अमन शर्मा और आकाश को लेकर दुकान पर पहुंचा और गाली गलौच करते हुए मेरी थापघूसो और बेल्टो से मारपीट से वह जख्मी हो गया। पुलिस ने यश की रिपोर्ट पर तीनो के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### कार की टक्कर से दो भैंसों की मौत

**अशोकनगर।** जिले के देहात थाने के तहत ग्राम बमनाई हवेली निवासी अभिषेक शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि फरियादी के घर के पास रोड़ पर कार क्रमांक एमपी 67 सी 2870 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए भैंसों को टक्कर मार दी जिससे 2 भैंसों की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### कार की टक्कर से 6 साल की बालिका की मौत

**अशोकनगर।** जिले के नईसरायं थाने के अंतर्गत सीहोर विजयपुरा रोड पर एक अज्ञात कार ने एक बालिका को टक्कर मार दी जिससे 6 बर्षीय बालिका शलोनी पुत्री राकेश जाटव की मौत हो गई। घटना के बारे में अनिल जाटव निवासी पचबावडी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात कार के चालक ने उसके छोटे भाई की लडकी को टक्कर मार दी थी।

### बाइक की टक्कर से महिला घायल

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम मर्दनखेडी निवासी श्रीराम यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक यूपी94 एके 6657 के चालक ने सामे घाट की पुलिया पर अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाते हुए उसकी मां को टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आईं है। पुलिस ने बाईक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### बाइक फिसलने से युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत टीटोर की पुलिया के पास किशोर कुशवाह उम्र 38 साल बाईक चला रहा था अचानक बाईक फिसल गई। इस घटना में नीचे गिरने से किशोर कुशवाह की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम जारौली धुवयाई निवासी भागीरथ आदिवासी उम्र 42 साल ने दीवान सिंह अहिरवार के मकान के पास नाले से लगे पेड पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

### बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य सिंह द्वारा विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 158 रिजोदा के बीएलओ महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव शिक्षक एकीकृत शासकीय हाई स्कूल रिजोदा को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उल्लेखनीय है कि विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के कार्य में विधानसभा क्षेत्र 032 अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 158 रिजोदा के लिए बीएलओ नियुक्त किया गया है भ्रमण के दौरान ईएफ डिजिटलीकृत के कार्य की समीक्षा की गई। आपके द्वारा 1210 मतदाताओं में से सिर्फ 434 फार्म ही बीएलओ एप पर ऑनलाईन किये गये हैं। बीएलओ के सौंपे गये कार्यों एवं दायित्वों का निवर्हन करने में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया।

### आज भी विद्युत प्रदाय प्रभावित रहेगा

**अशोकनगर।** मध्यप्रदेश विधुत वितरण कंपनी के सहायक प्रबंधक द्वारा सूचना जारी की गई है कि 25 और 26 नबंवर को अशोकनगर उपकेन्द्र से संबंधित फीडर पर केवल क्षमता वृद्धि एवं आरडीएस योजना के अंतर्गत कार्य किया जाना है। जिसके कारण मैन बाजार फीडर से प्रभावित क्षेत्र प्रोशेसन रोड, सुराना चैराहा, गल्र्स स्कूल एवं आस पास के क्षेत्र में विधुत प्रदाय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक प्रभावित रहेगा।

### अवैध शराब के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले में अवैध शराब के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले की कचनार पुलिस ने मसीदपुर निवासी रामू बाल्मीक के पास से 10 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है। शाढौरा पुलिस ने सेजी निवासी परमाल सिंह अहिरवार के पास से 5 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है।

---

श्रीरामनाम सिद्ध पीठ पर देर रात निभाई गईं विवाह की रस्में

# श्री राम विवाह महोत्सव में उमड़ा आस्था का सैलाब, चलित झांकियां रहीं आकर्षण का केंद्र







हरिभूमि न्यूज ⏭ बीना

खिरिया वार्ड स्थित श्रीरामनाम सिद्ध पीठ पर चल रहे श्रीराम विवाह महोत्सव में मंगलवार को विवाह पंचमी पर भव्य श्रीराम चक्रवर्ती महाबारात बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाली गई। दिव्य महाबारात में ऊंट, घोड़े, नृत्य दल और आकर्षक चलित झांकियों ने पूरे मार्ग को भक्तिमय बना दिया। महाबारात के बाद देर रात भगवान श्रीराम और माता जानकी के विवाह की रस्में पूरी की गई। विवाह को लेकर मंदिर परिसर को मोगरा, रजनीगंधा और गुलाब सहित विभिन्न पुष्पों से सजाया गया, जिसकी खुशबू से वातावरण महक उठा। महाबारात सुबह 11 बजे खिरिया वार्ड स्थित श्रीरामनाम सिद्ध पीठ से शुरु हुई। जो सर्वोदय चौराहा, गांधी तिराहा, महावीर चौक और कच्चा रोड से होते हुए बारात का समापन पुनः मंदिर परिसर में हुआ। महाबारात में आगे-आगे धर्म ध्वजा एवं सूर्य




चिन्ह के साथ भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए श्रद्धालु चल रहे थे। वहीं ढोलों की धुन पर ऊंट और 21 घोड़ों का दल नृत्य करते हुए चल रहा था, जो आकर्षण का केंद्र बने हुए थे। इसके अलावा पालकी में सवार प्रभु श्री राम का श्रद्धालुओं के द्वारा जगह-जगह पूजन किया गया। महाबारात में पालकी में विराजमान राम नाम महाराज सहित महाबारात का भी लोगों ने जगह-जगह स्वागत किया।

इसके अलावा महाबारात में चलित झांकियों ने भक्तों का खास ध्यान आकर्षित किया। चलित झांकियों में नाग लोक में नाग कन्याओं द्वारा भगवान शिव की आराधना, भगवान शिव द्वारा दानवों का उद्धार, भगवान सत्यनारायण की कथा, भगवान श्री कृष्ण की वस्त्र हरण लीला, मां दुर्गा द्वारा महिषासुर वध जैसे दृश्य लाइटिंग और साउंड इफेक्ट के साथ जीवंत रूप में प्रदर्शित की गई, जो आकर्षण का केन्द्र रही। इसके अलावा महाबारात में विभिन्न प्रांतों से आए कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनमें अघोरी नृत्य, हनुमान गर्जना, पंजाबी भांगड़ा पार्टी, आदिवासी नृत्य दल, नासिक ढोल, महाकाल डमरू पार्टी आदि लोगों को अपनी और आकर्षित कर रही थी। महाबारात में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। जिन्होंने भगवान के विवाह में शामिल होकर भंडारे में प्रसादी ग्रहण की।

**रूट हुए डायवर्ट:** थाना प्रभारी अनूप यादव ने बताया कि महाबारात को ध्यान में रखते हुए अनुविभाग सहित बाहर से आए करीव 100 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया। प्रशासन ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए कई मार्ग डायवर्ट किए।

---

मरीजों से बातचीत कर जानी स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति

# विधायक ने करैरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ करैरा

करैरा विधायक रमेश प्रसाद खटीक ने गत दिवस करैरा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर का बारीकी से अवलोकन करते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों से मुलाकात की और उनसे उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी प्राप्त की।

विधायक श्री खटीक ने कहा कि आमजन को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान विधायक ने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों से रोगियों के उपचार की स्थिति और दवा वितरण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने साफ-सफाई, दवा उपलब्धता और अन्य कक्षों की व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।

विधायक श्री खटीक ने उपस्थित नागरिकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध सेवाओं का लाभ लें और बीमारी के लक्षण दिखते ही तुरंत जांच और उपचार कराएं। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि पवन निगौती, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रोहित भदकारिया सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला उपस्थित रहा।

### केन्द्रीय मंत्री सिंधिया का अशोकनगर में एक दिवसीय भ्रमण 28 को

**अशोकनगर।** केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया 28 नवम्बर 2025 को जिले के एक दिवसीय भ्रमण पर रहेगें। जारी कार्यक्रम के अनुसार केन्द्रीय मंत्री सिंधिया 28 नवम्बर को दोपहर 02 बजे गुना जिले के ग्राम खोकर से प्रस्थान पर अपरान्ह 03.15 बजे ईसागढ़ जिला अशोकनगर के ग्राम कोहरवास आयेगें एवं सिरनाम सिंह यादव के यहां आयोजित शादी समारोह में शामिल होगें।तत्पश्चात अपरान्ह 03.30 बजे कोहरवास से चंदेरी के लिए प्रस्थान करेगें। अपरान्ह 04.30 बजे से सायं 06 बजे तक चंदेरी महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लेगें। सायं 06 बजे से सायं 07 बजे तक हाई टी पर 25 खरीदारों के साथ बैठक (मदर केयर, रेमंड, फैब इंडिया, टाटा टेनेरिया, नियोज़ जींस, पीवीआर सोर्सिंग, ज़विामे, सांडा ऑफ इंडिया, मॉडलिंक लाइफस्टाइल, कॉन्सेप्शन डिज़ाइन, इटोकरी, मध्य भारत खादी संघ आदि) में शामिल होगे। रात्रि 07 बजे से रात्रि 09 बजे तक चंदेरी एसएचजी एवं वीवर्स, फैब इंडिया, टाटा तानेरिया द्वारा फैशन शो कार्यक्रम में सम्मिलित होगें। तत्पश्चात गुना जिले के लिए प्रस्थान करेगें।

---

किसान ने कलेक्टर से 10 लाख मुआवजा और दोषियों पर कार्रवाई की मांग

# निजी भूमि पर लगे पेड़ों की अवैध कटाई के आरोप




हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जहाँ एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने के लिए एक पेड़ माँ के नाम जैसी प्रेरणादायी मुहिम चला रही है, वहीं दूसरी ओर अशोकनगर जिले में एक ऐसा मामला सामने आया है जो इन प्रयासों को कटघरे में खड़ा करता है। ग्राम बावड़ीखेड़ा में एक किसान की निजी भूमि पर लगे वर्षों पुराने फलदार और छायादार पेड़ों को विद्युत विभाग और ग्राम पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा कथित रूप से बिना अनुमति काट दिया गया। इस घटना ने क्षेत्र में गंभीर नाराजगी और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस संबंध में पीड़ित किसान मोहर सिंह अहिरवार ने दोपहर के समय कलेक्ट्रेट में कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर दोषी अधिकारियों और जिम्मेदार व्यक्तियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने तथा 10 लाख रुपये मुआवजे की मांग की है।

**पुश्तैनी जमीन पर लगे आम, महुआ और रुसल्ला के पेड़ थे आजीविका का आधार**

आवेदन के अनुसार मोहर सिंह अहिरवार के दादा-परदादा के समय से लगे आम का एक पेड़, महुआ के दो पेड़ और रुसल्ला का एक पेड़ उनकी निजी भूमि सर्वे नंबर 254, रकबा 0.146 हेक्टेयर पर स्थित थे। ये पेड़ न केवल फलदार और उत्पादक थे बल्कि किसान की आजीविका का महत्वपूर्ण साधन भी थे।पीड़ित का कहना है कि इन पेड़ों से प्रत्येक वर्ष आय होती थी, जिससे उनके परिवार का पालन-पोषण, बच्चों की शिक्षा और घरेलू आवश्यकताओं का निर्वाह होता था। लेकिन अब वे हमेशा के लिए इस आय और सहारे से वंचित हो गए हैं।

**बिना अनुमति काटे गए पेड़ नियमों का उल्लंघन:** किसान द्वारा दिए गए आवेदन में आरोप लगाया गया है कि विद्युत विभाग के अधिकारियों डीई मेहरा, एई जोसेफ, जेई बारगेट, लाइनमैन गजेन्द्र सिंह, ठेकेदार सुनील धाकड़ और एसई मधुसूदन शाक्य के निर्देशन में ग्राम पंचायत सैमरा पहाड़ के सरपंच धर्मेंद्र यादव तथा परमाल ओझा की उपस्थिति में इन पेड़ों को जबरन काटा गया। मोहर सिंह ने यह भी उल्लेख किया कि मध्यप्रदेश वृक्ष कटाई प्रतिषेध विनियम 2007 के अनुसार निजी भूमि पर लगे वृक्षों की कटाई ग्राम पंचायत स्तरीय समिति की अनुशंसा और तहसीलदार की अनुमति के बिना नहीं की जा सकती। लेकिन इस प्रक्रिया को पूरी तरह अनदेखा करते हुए अवैध रूप से पेड़ काटे गए, जो कानूनन दंडनीय अपराध है।

भावनात्मक और पर्यावरणीय क्षति भी गंभीर

किसान ने कहा कि यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं बल्कि उनके पारिवारिक इतिहास और पूर्वजों की स्मृति से जुड़े पेड़ों को नष्ट करने जैसा है। उन्होंने सवाल उठाया जब सरकार पौधारोपण और संरक्षण को बढ़ावा दे रही है, तब सरकारी तंत्र ही पेड़ों का विनाश क्यों कर रहा है

### प्रशासन के जवाब का इंतजार

मोहर सिंह अहिरवार ने मांग की है कि इस घटना की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषियों पर एफआईआर दर्ज की जाए तथा उन्हें उचित दंड दिया जाए। साथ ही उन्होंने हुए नुकसान की भरपाई के लिए तत्काल आर्थिक सहायता और मुआवजा दिलाने की मांग की है।ग्रामीणों का कहना है कि यदि ऐसी कार्रवाई जारी रही तो आमजन में सरकारी योजनाओं और पर्यावरण संरक्षण के संदेशों की विश्वसनीयता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। पर्यावरण प्रेमियों ने भी इस घटना को गंभीर बताते हुए कहा है कि फलदार पेड़ केवल आय का स्त्रोत नहीं बल्कि जैव विविधता और स्थानीय पारिस्थितिकी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

---

नव दीक्षित साधुओं की आहार चर्या देखने भक्तों की उमड़ी भीड़, श्रद्धालुजनों को सुनाए आशीष वचन

# 'तुम्हें दुखी देखा नहीं कि मैं दुःखी हो जाता हूं कि मेरा भक्त परेशान न हो'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

दिगम्बर जैन दर्शन के आध्यात्मिक संत निर्यापकाचार्य श्री सुधा सागर महाराज ने थूवोनजी में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि तुम्हें दुःखी देखा नहीं कि मैं दुःखी हो जाता हूं कि मेरा भक्त परेशान न हा। मेरा भक्त होकर ग़रीब है भगवान इसकी कैसे भी गरीबी दूर करो कुछ तो पुण्य का उदय रहता है कि छोटा सा बालक है अभी तो गोदी में ही है और उसे महाराज के दर्शन करने तुम लेकर आ गये तो मैं बहुत खुश होता हूं।

उन्होंने कहा कि सोचता हूं कि यह जन्म जन्म का धर्मात्मा है अभी पैदा ही हुआ है और परिवार वाले तीर्थ क्षेत्र के दर्शन कराने ले आये। गुरु महाराज के चरणों में लाकर समर्पित कर दिया ऐसा सहयोग भी बहुत पुण्य के योग से मिलता है। धर्म कराने के तरीके हैं जिस जिस के दान के पीछे पड़ूं तो समझ लेना कि उसका पैसा पुण्य के उदय से आया है। ड़ाकू और साधु की एक ही जाति है ड़ाकू को पता चले कि सेठ पर माल है ऐसे ही साधु को पता चले तो वह उसे दान के लिए प्रेरित करने लगता है। साधु सोचते हैं कि मेरा भक्त इतना पुण्य आत्मा है सब कुछ करके भी दो




पैसे बचे है तो आगे भी उसका भला होता रहें। इसलिए उसको दान की प्रेरणा दे देता हूं।

### बचे हुए पैसे को धर्म कार्य में लगा कर यश और कीर्ति अर्जित करें

उन्होंने कहा कि बचें हुए पैसे को धर्म कार्य में लगा कर यश कीर्ति अर्जित करें। यह जो पैसा बचा है जो किसी न किसी धर्म के वृक्ष पर लगा हुआ फल है। बचे हुए पैसे से पाप मत करना वो तुम्हारे महान पुण्य का फल है। जाओ यह तुम्हारे जन्म जन्म के पुण्य का फल है। मेरे भक्त के पास पैसा बढ़ता है मेरे भक्त का व्यापार बढ़ता है तो मेरा सीना छप्पन इंच का हो जाता है। यह जन्म जन्म का पुण्यात्मा है तो आज सम्पन्नता की जिंदगी जी रहे अब आपको आगे इसे आगे बनाये रखने के लिए सतत पुरुषार्थ करते रहना चाहिए।

### प्रतिदिन होगा श्री भक्तावर महा मंडल विधान व विश्व शांति महायज्ञ

इस दौरान क्षेत्र कमेटी के प्रचार मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापकाचार्य मुनि पुंगव श्री सुधासागरजी महाराज ने दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी आने वाले भक्तों के लिए असीम क़ालीन भक्तावर के रूप में एक ऐसा रक्षा कवच प्रदान किया है। जो आपकी रक्षा घर के बाहर रहने पर करेगा। गुरु ने कहा था कि जव आप घर से बाहर रहते हैं तो यह जो विधान कर रहे हैं यही आपके लिए सुरक्षा चक्र का कार्य करेगा। ऐसे असीम क़ालीन भक्तावर महामंडल विधान का महा मंगल कलश अजय कुमार विजय कुमार कटारिया जयपुर एवं विधान कलश श्राविका शिरोमणि सुशीला पाटनी आर के मार्वल किशनगढ़ ने स्थापित किया।

### प्रमुख पात्र बनकर भक्तों ने की जगत कल्याण की कामना के लिए शांति धारा

इस दौरान जगत कल्याण की कामना के लिए शान्ति धारा के पात्रों का चयन प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया ने करते हुए कहा कि दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी के खड़े बाबा का महाभिषेक करने वाले पात्रों को एक साथ चार लाभ मिल रहे हैं ऐसे परिवार का नाम गुरु मुख से होगा परिवार जनों के नाम शान्ति धारा में आ रहे हैं उन्हें गंधोदक से परिपूर्णित रजत कलश एवं खड़े बाबा का विशाल चित्र सम्मान स्वरूप कमेटी द्वारा भेंट किया जा रहा है। महा शान्ति करने का सौभाग्य संदीप गोधा मकराना संजय जैन नेयेडा शीला विनोद कुमार मुज्जफर नगर ज्ञानेन्द्र गदिया सूरज सहित अन्य भक्तों को मिला इनका सम्मान थूवोनजी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़यि संजीव श्रागर धर्मेन्द्र रोकड़यि संजीव जैन महामंत्री मनोज भैसरवास कोषाध्यक्ष प्रमोद मंगल दीप मंत्री शैलेन्द्र दददा राजेन्द्र हलवाई प्रदीप रानी जैन समाज अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई उपाध्यक्ष अजित बरोदिया प्रदीप तारई राजेन्द्र अमन मंत्री शैलेन्द्र श्रागर मंत्री विजय धुर्रा मिडिया प्रभारी अरविंद कचनार सहित अन्य प्रमुख जनो ने अभिनंदन किया गया।